Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अप्रैल भाग-2 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डॉ. बी.आर. अंबेडकर 1946 में बंबई से संविधान सभा के लिये चुने गए थे।
2. डॉ बी. आर. अंबेडकर ने दलित वर्गों के कल्याण के लिये एक संघ और बहिष्कृत भारत समाचार पत्र की शुरुआत की।
3. बुद्ध या कार्ल मार्क्स पुस्तक डॉ बी. आर. अम्बेडकर द्वारा लिखी गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त सभी

**2. 'बाल संदिग्धों के आकलन के लिये दिशा-निर्देश' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किशोर न्याय बोर्ड (JJB) संदिग्ध बच्चे का प्रारंभिक आकलन करने के लिये ज़िम्मेदार होगा और बोर्ड को बच्चे को पहली बार उसके सामने लाए जाने की तारीख से छह महीने के भीतर इस आकलन को पूरा करना होगा।
2. JJ अधिनियम, 2015 बच्चों द्वारा किये गए अपराधों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत करता है; गंभीर अपराध और जघन्य अपराध।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**3. निम्नलिखित में से किस संस्थान/संगठन ने "द स्टेट्स ऑफ वुमेन इन एग्रीफूड सिस्टम्स" रिपोर्ट जारी की?**

A. विश्व आर्थिक मंच
B. खाद्य और कृषि संगठन
C. विश्व बैंक
D. संयुक्त राष्ट्र महिला

**4. उत्तरमेरुर अभिलेख के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिलालेख, राजाराज चोल के शासनकाल के समय का है, जो गाँव के स्व-शासन कार्य प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान करता है।
2. ग्राम सभा विशेष रूप से ब्राह्मणों से बनी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**5. चगास रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चगास रोग बैक्टीरिया के कारण होता है जो संक्रमित मनुष्यों या जानवरों के आकस्मिक संपर्क के माध्यम से फैलता है।
2. चगास रोग हेतु वर्तमान में कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**6. निम्नलिखित में से कौन-से देश सात देशों के समूह (G7) का हिस्सा हैं ?**

1. कनाडा
2. फ्राँस
3. जर्मनी
4. इटली
5. जापान
6. ऑस्ट्रेलिया
7. संयुक्त राज्य अमेरिका

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2, 3, 4, 5 और 7

B. केवल 1, 2, 5, 6 और 7

C. केवल 3, 4, 5, 6 और 7

D. केवल 1, 2, 5 और 6

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पशु महामारी तैयारी पहल विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की ग्लोबल वन हेल्थ रणनीति के अनुरूप है।
2. एनिमल हेल्थ सिस्टम सपोर्ट फॉर वन हेल्थ (AHSSOH) परियोजना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वित्तपोषित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

**8. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. ट्राई टेलीकॉम सेवाओं के लिये टैरिफ के निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है।
2. TRAI एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**9. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आतंकवाद, उग्रवाद और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों से संबंधित अपराधों की जाँच एवं मुकदमा चलाने हेतु ज़िम्मेदार है।
2. इसके पास राज्य सरकारों से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना राज्य की सीमाओं के मामलों की जाँच करने का भी अधिकार है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**10. 'मैंग्रोव पिट्टा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मैंग्रोव पिट्टा पक्षी की एक प्रजाति है जो ओडिशा के भितरकनिका और पश्चिम बंगाल के सुंदरवन सहित पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में पाई जाती है।
2. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने इसे सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में सक्षम युवा स्टार्टअप को शामिल करने एवं पहचानने हेतु YUVA पोर्टल लॉन्च किया गया है।
2. भारतीय सांकेतिक भाषा एस्ट्रोलैब सांकेतिक भाषा में निर्देशात्मक वीडियो तक आभासी पहुँच प्रदान करके समावेशिता को बढ़ावा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**12. भारतीय विरासत से संबंधित निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 49 राज्य पर यह दायित्त्व डालता है कि वह संसद द्वारा घोषित राष्ट्रीय महत्त्व के प्रत्येक स्मारक या स्थान या कलात्मक या ऐतिहासिक हित की वस्तु की रक्षा करे।
2. प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्त्व स्थल और अवशेष अधिनियम (AMASR अधिनियम) 1958 प्राचीन तथा ऐतिहासिक स्मारकों एवं पुरातात्त्विक स्थलों और राष्ट्रीय महत्त्व के अवशेषों के संरक्षण का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

**13. नौवीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अनुसूची में केंद्रीय और राज्य कानूनों की एक सूची है जिन्हें न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती है और यह न्यायिक जाँच के दायरे से बाहर है।
2. अनुच्छेद 31B कानून के 'उपबंधों' को सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 31A विशिष्ट कानूनों या अधिनियमों को सुरक्षा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**14. विश्व व्यापार संगठन ( World Trade Organisation- WTO ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व व्यापार संगठन शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) का उत्तराधिकारी है।
2. विश्व व्यापार संगठन का उद्देश्य व्यापार कोटा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसके सदस्यों के बीच शुल्क ज़िम्मेदारियों में वृद्धि करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान राज्य सरकार को अपनी सीमाओं के भीतर स्थित खनिजों और केंद्र सरकार को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर खनिजों के मालिक होने का अधिकार देता है।
2. खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम, राज्य सरकारों को खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने हेतु नियम बनाने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. जगदीश चंद्र बोस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जे.सी. बोस एक प्लांट फिज़ियोलॉजिस्ट और फिज़िसिस्ट/ भौतिक विज्ञानी थे जिन्होंने क्रेस्कोग्राफ का आविष्कार किया था।
2. बोस ने वायरलैस संचार की खोज की और उन्हें रेडियो विज्ञान के जनक के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य म्याँमार के साथ सीमा साझा करता है ?**

1. अरुणाचल प्रदेश
2. नगालैंड
3. मणिपुर
4. मिज़ोरम
5. त्रिपुरा

**नोट :**

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2, 3 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 3, 4, और 5

D. केवल 2, 3, 4 और 5

**18. 'सौराष्ट्र तमिल संगमम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसा त्योहार है जिसका उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता और विरासत को बढ़ावा देना है।
2. यह उत्सव तमिलनाडु राज्य में आयोजित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**19.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोल्डन क्रीसेंट क्षेत्र में थाईलैंड, म्याँमार, वियतनाम और लाओस शामिल हैं।
2. गोल्डन ट्रायंगल क्षेत्र में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**20. पशुधन में तापीय दबाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तापीय दबाव तब होता है जब किसी पशु का शरीर अपने सामान्य आंतरिक तापमान को बनाए रखने में असमर्थ होता है।
2. तापीय दबाव के उच्च स्तर से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सकती है और पशुधन पशुओं में वज़न कम हो सकता है।
3. मवेशी और भैंस जिन्हें तापीय सहिष्णुता हेतु कुछ आणविक आनुवंशिक परिवर्तन के आधार पर आनुवंशिक रूप से चुना गया है, वे कम तापीय दबाव का अनुभव कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, और 3

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 74वें संशोधन अधिनियम में भाग IX-A जोड़ा गया और इसमें अनुच्छेद 243-P से 243-ZG तक के प्रावधान शामिल हैं।
2. 74वें संशोधन अधिनियम ने संविधान में 12वीं अनुसूची जोड़ी गई जिसमें नगर पालिकाओं के 18 कार्यात्मक विषय शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**22. 'संगठन से समृद्धि अभियान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अभियान आज़ादी का अमृत महोत्सव समावेशी विकास का एक हिस्सा है और इसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों की 10 करोड़ महिलाओं को एसएचजी में शामिल करना है।
2. अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 औए न ही 2

**23. निम्नलिखित कथनों के आधार पर भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध पर विचार कीजिये:**

1. दोनों देश I2U2 समूह के सदस्य हैं।
2. भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुज़रते समय सूर्य को पूरी तरह से ढक लेता है।
2. हाइब्रिड सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा की छाया के सापेक्ष पृथ्वी पर कुछ स्थानों से पूर्ण सूर्य ग्रहण दृश्य होता है, जबकि अन्य स्थानों से यह वलयाकार प्रतीत होता है।
3. निंगालू ग्रहण, पूर्ण सूर्य ग्रहण का ही एक प्रकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**25. निम्नलिखित में से किस संगठन ने "स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023" रिपोर्ट प्रकाशित की ?**

A. विश्व बैंक
B. विश्व आर्थिक मंच
C. खाद्य और कृषि संगठन
D. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष

**26. स्टारशिप परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नासा द्वारा कर्मियों और कार्गो दोनों को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे तक ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. यह पूर्ण रूप से पुन: प्रयोज्य अंतरिक्षयान है।
3. स्टारशिप सुपर हैवी रॉकेट रैप्टर इंजनों की एक श्रृंखला द्वारा संचालित है, जो तरल मीथेन और तरल ऑक्सीजन द्वारा संचालित होते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 3

**27. हक्की पिक्की जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जनजाति एक अर्द्ध-घुमंतू जनजाति है जो परंपरागत रूप से पक्षियों को पकड़ती और शिकार करती है।
2. उनका समाज पितृसत्तात्मक है और इनमें बहुविवाह की प्रथा प्रचलित है।
3. उनका महाराणा प्रताप के साथ पैतृक संबंध माना जाता है।
4. यह कर्नाटक की एक अनुसूचित जनजाति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. केवल 1 और 3

**28. हाल ही में शुरू की गई उड़ान 5.0 योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें यान की उड़ान के आरंभ और गंतव्य के बीच की दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।
2. इसके तहत एयरलाइंस द्वारा प्रस्तावित नेटवर्क और इंडिविज़ुअल रूट पर ही विचार किया जाएगा।
3. इसके तहत एयरलाइंस को रूटआवंटित किये जाने के 3 महीने के अंदर परिचालन शुरू करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**29. मंडल आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. OBC को सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी नौकरियों में 27% आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिये।
2. उन्हें सार्वजनिक सेवाओं के सभी स्तरों पर पदोन्नति में 27% आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिये।
3. उस वर्ष आरक्षित सीटें खाली रहने की स्थिति में कैरी फॉरवर्ड नियम का प्रावधान नहीं किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 1 और 2

**30. अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस ( अर्थ डे ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है।
2. इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य' है।
3. जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते पर वर्ष 2016 में पृथ्वी दिवस पर हस्ताक्षर किया गया था।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. उपरोक्त से कोई भी नहीं

**31. क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार ( Markets in Crypto Assets- MiCA ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अन्य देशों के साथ अपने व्यापार को सुविधाजनक बनाने के विकल्प के रूप में क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने हेतु रूस की एक पहल है।
2. MiCA कानून केवल उन क्रिप्टो करेंसियों पर लागू होगा जिन्हें वितरित बहीखाता तकनीक का उपयोग करके स्थानांतरण और भंडारित किया जा सकता है।
3. नॉन-फंजिबल टोकन (NFT) को MiCA के बाहर रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1

**32. लोक भविष्य निधि ( PPF ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सरकार द्वारा समर्थित एक अल्पकालिक बचत योजना है।
2. इस खाते को सक्रिय रखने के लिये आवश्यक न्यूनतम वार्षिक निवेश 500 रुपए है।
3. इस खाते हेतु वार्षिक अधिकतम जमा राशि 1.5 लाख रुपए है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1

**33. प्राय: समाचारों में देखा जाने वाला शब्द "LockBit" क्या है?**

A. एक नया वीडियो गेम जिसने लोकप्रियता हासिल की है।

B. एक रैनसमवेयर जो पीड़ित के डेटा को एन्क्रिप्ट करता है और बाद में डिक्रिप्शन के बदले फिरौती की मांग करता है।

C. एक एप जो पासवर्ड प्रोटेक्टेड फॉर्म में व्यक्तिगत डेटा स्टोर करने के लिये है।

D. एक प्रोग्रामिंग भाषा जिसका उपयोग सुरक्षित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन विकसित करने के लिये किया जाता है।

**34. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विकसित मूल संरचना सिद्धांत के संबंध में सही नहीं है?**

A. इस सिद्धांत को पहली बार केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के ऐतिहासिक मामले में प्रतिपादित किया गया था।

B. इस सिद्धांत के अनुसार, संविधान की कुछ विशेषताओं को संसद द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है।

C. इस सिद्धांत में मूल संरचना के हिस्से के रूप में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद और कानून के शासन के सिद्धांत शामिल हैं।

D. संविधान की प्रस्तावना मूल संरचना का हिस्सा नहीं है।

**35. हाल ही में सरकार द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन कावेरी क्या है?**

A. भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित एक आतंकवाद रोधी अभियान

B. कावेरी नदी को अवसादीकरण से बचाने हेतु एक कायाकल्प परियोजना

C. कावेरी नदी पर एक जलविद्युत परियोजना।

D. सूडान में फँसे भारतीय नागरिकों को निकालने हेतु बचाव अभियान

**नोट :**

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब कोई विधेयक राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति को भेजा जाता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर अपनी सहमति दे सकता है या सहमति को रोक सकता है। वह विधेयक वापस नहीं कर सकता।
2. राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ तभी आरक्षित कर सकता है जब विधेयक उच्च न्यायालय की संवैधानिक शक्तियों को समाप्त कर देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**37. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कोटा, राजस्थान के पास स्थित है।
2. यहाँ पाई जाने वाली वनस्पति उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन है।
3. यहाँ चिंकारा, नीलगाय, चित्तीदार हिरण और डांसिंग डियर पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नैनो यूरिया को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) द्वारा विकसित किया गया है।
2. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) योजना के तहत यूरिया आधारित उर्वरकों को शामिल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**39. थिरुनेल्ली मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मंदिर भगवान अयप्पा को समर्पित है।
2. मंदिर की वास्तुकला पारंपरिक केरल शैली की वास्तुकला का अनुसरण करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**40. मलेरिया रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संक्रमित मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है।
2. आज तक इस बीमारी को ठीक करने के लिये कोई टीका उपलब्ध नहीं है।
3. प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम की तुलना में प्लाज़्मोडियम विवैक्स से फैलने वाला मलेरिया अधिक मौतों के लिये ज़िम्मेदार है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

**41. ओलिव रिडले कछुए के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे IUCN द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त घोषित किया गया है।
2. वे अपने अद्वितीय सामूहिक नीडन प्रक्रिया हेतु जाने जाते हैं जिन्हें अरीबदा के नाम से जाना जाता है।
3. वे दुनिया में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं की प्रजातियों में सबसे छोटे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. केवल 1 और 3

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आदर्श आचार संहिता की सही व्याख्या करता है ?**

A. आदर्श आचार संहिता दिशा-निर्देशों का एक समूह है जिसका सभी राजनीतिक दलों को चुनाव अवधि के दौरान पालन करना चाहिये।
B. आदर्श आचार संहिता केवल सरकारी अधिकारियों पर लागू होती है, न कि राजनीतिक दलों पर।
C. आदर्श आचार संहिता एक कानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज़ है जो किसी भी प्रकार के उल्लंघन के लिये सज़ा का प्रावधान करता है।
D. आदर्श आचार संहिता केवल मतदान अवधि के दौरान लागू होती है, न कि चुनाव पूर्व चरण के दौरान।

**43. ज़ीरो शैडो डे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

2. यह तब होता है जब सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है।
3. यह घटना वर्ष में दो बार पृथ्वी पर कर्क एवं मकर रेखा के बीच प्रत्येक बिंदु पर होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. प्रधानमंत्री जन-धन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना के तहत सभी खातों को 10,000 रुपए की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान की जाती है।
2. प्रधानमंत्री जन-धन योजना खाता केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में खोला जा सकता है।
3. योजना के तहत दुर्घटना बीमा का लाभ उठाने के लिये लाभार्थी को दुर्घटना की तारीख से 90 दिनों से पहले कार्ड का उपयोग करके कम-से-कम एक सफल लेन-देन करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

**नोट :**

**45. 'अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नदी के जल के उपयोग के संबंध में राज्यों के बीच विवादों का समाधान करने हेतु संसद कानून पारित करके न्यायाधिकरण स्थापित कर सकती है।
2. अंतर्राज्यीय नदी जल विवादों के मुद्दों पर संसद सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को सीमित कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत पूरक मुआवज़ा पर व्यापक अभिसमय (CSC) का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है, लेकिन उसने अभी तक संधि की पुष्टि नहीं की है।
2. परमाणु क्षति के लिये भारत का नागरिक दायित्त्व अधिनियम संचालक एवं सरकार द्वारा समान रूप से क्षतिपूर्ति करने का प्रावधान करता है।
3. भारत का CLNDA संचालकों को आपूर्ति में पेटेंट दोष पाए जाने की स्थिति में आपूर्तिकर्त्ता से मदद लेने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**47. पुष्करालु महोत्सव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्सव प्रत्येक 12 वर्ष के अंतराल पर मनाया जाता है।
2. इस पर्व की शुरुआत बृहस्पति ग्रह के एक राशि से दूसरी राशि में जाने से होती है।
3. उत्सव के दौरान भक्त विभिन्न पवित्र नदियों में जाकर डुबकी लगाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन विश्व विकास रिपोर्ट प्रकाशित करता है ?**

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
C. विश्व बैंक
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**49. पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत घोषित किया गया है।
2. वे राष्ट्रीय उद्यान जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र के आसपास 10 किमी. के क्षेत्र हैं और इसे 10 किमी. से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**50. गंगा डॉल्फिन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गंगा डॉल्फिन मीठे पानी में रहने वाली डॉल्फिन है जो भारत, बांग्लादेश और नेपाल की गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी तंत्रों में पाई जाती है।
2. यह संकटग्रस्त प्रजातियों की IUCN लाल सूची में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध है।
3. ये सामान्यत: अंधी होती हैं एवं इकोलोकेशन तकनीकों का उपयोग करके शिकार करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**51. आभासी डिजिटल परिसंपत्ति ( Virtual Digital Assets- VDA ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें आयकर अधिनियम, 1961 के तहत नए जोड़े गए खंड के तहत परिभाषित किया गया है।
2. इन्हें अंतर्निहित मूल्य के साथ क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करके बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**52. POCSO अधिनियम, 2012 के तहत प्राथमिकी के प्रावधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी भी प्रकार के अपराध होने की आशंका अथवा अपराध संबंधी सूचना वाले व्यक्ति को विशेष किशोर पुलिस इकाई अथवा स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी प्रदान करनी चाहिये।
2. अधिनियम की धारा 21 में यह भी कहा गया है कि किसी अपराध की रिपोर्ट नहीं करने पर छह महीने तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।
3. इस अधिनियम के तहत शिकायत प्राप्त होने पर एक रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य है, भले ही रिपोर्टकर्त्ता एक बच्चा क्यों न हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**53. दिमासा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिमासा (या दिमासा-कचारी) अरुणाचल प्रदेश के सबसे प्राचीन ज्ञात शासक और निवासी हैं।
2. इतिहासकार उन्हें "आदिवासी" या "ब्रह्मपुत्र घाटी के शुरुआती ज्ञात निवासी" के रूप में वर्णित करते हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्याँमार) के बीच स्थित है।
2. अफीम और भाँग भारत में सबसे अधिक खेती की जाने वाली और खपत वाले मादक पदार्थों में से हैं।
3. सरकार का लक्ष्य वर्ष 2050 तक भारत को "मादक पदार्थ मुक्त" बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**55. नेट-ज़ीरो लक्ष्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसा राज्य है जिसमें एक देश कार्बन तटस्थता की स्थिति प्राप्त करता है।
2. 70 से अधिक देशों ने वर्ष 2050 तक नेट ज़ीरो बनने का वादा किया है।
3. भारत ने पक्षकारों के सम्मेलन-26 (COP) में वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन को घटाकर नेट-ज़ीरो करने का वादा किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

## उत्तर भाग-2

**1.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1942 में डॉ. अंबेडकर को भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।
- वह 1946 में बंगाल से संविधान सभा के लिये चुने गए थे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1924 में उन्होंने दलित वर्गों के कल्याण हेतु एक संगठन की शुरुआत की और वर्ष 1927 में दलित वर्गों की स्थिति को उजागर करने के लिये बहिष्कृत भारत समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया।
    - उन्होंने मार्च 1927 में महाड सत्याग्रह का भी नेतृत्त्व किया।

**अतः कथन 2 सही है।**

- डॉ. अंबेडकर द्वारा लिखित पुस्तकें:
    - एनीहिलेशन ऑफ कास्ट
    - बुद्ध या कार्ल मार्क्स

- द अनटचेबल: हू आर दे एंड व्हाय दे हैव बिकम अनटचेबल्स
- बुद्ध एंड हिज़ धम्म
- द राइज़ एंड फॉल ऑफ हिंदू वुमेन **अत: कथन 3 सही है।**

**2.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किशोर न्याय बोर्ड (Juvenile Justice Board- JJB) संदिग्ध बच्चे का प्रारंभिक आकलन करने के लिए ज़िम्मेदार होगा।
- JJB को बच्चे को पहली बार उसके सामने लाए जाने की तारीख से तीन महीने के भीतर इस आकलन को पूरा करना होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- JJ अधिनियम, वर्ष 2015 बच्चों द्वारा किये गए अपराधों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करता है: छोटे अपराध, गंभीर अपराध और जघन्य अपराध। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- छोटे अपराधों में वे शामिल हैं जिनके लिये किसी भी कानून के तहत अधिकतम सज़ा तीन वर्ष तक की कैद है।
- गंभीर अपराधों में वे अपराध शामिल हैं जिनके लिये न्यूनतम कारावास तीन वर्ष से अधिक लेकिन सात वर्ष से अधिक नहीं है।
- जघन्य अपराधों में वे शामिल हैं जिनके लिये भारतीय दंड संहिता या किसी अन्य कानून के तहत न्यूनतम सात वर्ष या उससे अधिक का कारावास है।

**3.**

**उत्तर: B.**

**व्याख्या:**

- खाद्य और कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO) ने कृषि क्षेत्र में लैंगिक समानता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए "द स्टेट्स ऑफ वुमेन इन एग्रीफूड सिस्टम्स" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। **अत: विकल्प ( B ) सही है।**
- खाद्य और कृषि संगठन (FAO):
  - खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत की गई थी, यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  - प्रत्येक वर्ष विश्व में 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस FAO की स्थापना की वर्षगाँठ की याद में मनाया जाता है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सहायता संगठनों में से एक है जो रोम (इटली) में स्थित है। इसके अलावा विश्व खाद्य कार्यक्रम और कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) भी इसमें शामिल हैं।
- फ्लैगशिप पब्लिकेशन (Flagship Publications):
  - वैश्विक मत्स्यपालन और एक्वाकल्चर की स्थिति (SOFIA)।
  - विश्व के वनों की स्थिति (SOFO)।
  - वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI)।
  - खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA)।
  - कृषि कोमोडिटी बाज़ार की स्थिति (SOCO)।

**4.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह शिलालेख परांतक प्रथम (907-953 ईस्वी) के शासनकाल में गाँव के स्व-शासन के कार्य करने का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह सभा विशेष रूप से ब्राह्मणों से बनी होती थी और शिलालेख उन परिस्थितियों का विवरण भी प्रदान करता है जिसमें सदस्यों को हटाया जा सकता था। **अत: कथन 2 सही है।**
- सभा की सदस्यता ज़मींदार ब्राह्मणों के एक छोटे उपवर्ग तक ही सीमित थी और कोई वास्तविक चुनाव की व्यवस्था नहीं थी।
- सदस्यों को ड्रा के माध्यम से उम्मीदवारों के योग्य समूह से चुना जाता था।
- शिलालेख में सभा के भीतर विभिन्न समितियों, उनकी ज़िम्मेदारियों और सीमाओं का भी वर्णन किया गया है।
- इन समितियों का कार्य 360 दिनों तक चलता था जिसके बाद सदस्यों को सेवानिवृत्त होना पड़ता था।

**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चगास रोग एक बैक्टीरिया के कारण नहीं होता है, बल्कि प्रोटोजोआ ट्रिपैनोसोमा क्रूज़ी द्वारा होता है, जो 'ट्रायटोमिनाई' या 'किसिंग बग्स' नामक कीट के परिवार द्वारा प्रेषित होता है।
  - चगास रोग संक्रमित मनुष्यों अथवा जानवरों के सामान्य संपर्क से नहीं फैल सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में चगास रोग के लिये कोई टीका उपलब्ध नहीं है, लेकिन बेंज़निडाज़ोल और निफर्टिमॉक्स जैसी एंटीपैरासिटिक दवाएं इस बीमारी का इलाज में सहायता कर सकती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सात देशों का समूह (G7) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें सात प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ शामिल हैं:-
  - कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका। **अत: विकल्प (a) सही है।**
- G7, मूल रूप से G8 (जब इसमें शामिल होने के लिये रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था), को वर्ष 1975 में विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्वकर्त्ताओं के एक अनौपचारिक मंच के रूप में स्थापित किया गया था।
  - G7 का प्राथमिक उद्देश्य इसके सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है।
  - यह व्यापार, आर्थिक नीति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहित पारस्परिक चिंतनीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों के खतरे को दूर करने के लिये एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण के तहत पशु महामारी तैयारी पहल (APPI) शुरू की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एनिमल हेल्थ सिस्टम सपोर्ट फॉर वन हेल्थ (AHSSOH) परियोजना विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- TRAI दूरसंचार सेवाओं के निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है, जो पहले केंद्र सरकार में निहित थीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य एक निष्पक्ष और पारदर्शी नीति वातावरण प्रदान करना भी है जो एक समान अवसर को बढ़ावा देता है और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा की सुविधा प्रदान करता है।

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण भारत सरकार की एक संघीय एजेंसी है जो आतंकवाद, उग्रवाद और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों से संबंधित अपराधों की जाँच एवं मुकदमा चलाने हेतु ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी देश में संघीय एजेंसियों के पास विशेष रूप से उन मामलों पर अधिकार क्षेत्र होता है जो पूरे देश को प्रभावित करते हैं, न कि केवल अलग-अलग राज्यों या प्रांतों से संबंधित होते हैं।
- वर्ष 2008 में मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, 2008 के तहत इसकी स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी, यह गृह मंत्रालय के तहत संचालित है।
- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 में बदलाव करते हुए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2019 को जुलाई 2019 में पारित किया गया था।
- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के पास राज्य पुलिस बलों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त आतंकवाद से संबंधित मामलों की जाँच करने की शक्ति है। इसके पास राज्य सरकारों से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना राज्य की सीमाओं के मामलों की जाँच करने का भी अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**

**10.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मैंग्रोव पिट्टा पक्षी की एक प्रजाति है जो ओडिशा के भितरकनिका और पश्चिम बंगाल के सुंदरवन सहित पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने इसे संकटापन्न (Near Threatened) के रूप में सूचीबद्ध किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**11.**

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में सक्षम युवा स्टार्टअप को शामिल करने एवं पहचानने हेतु YUVA पोर्टल लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - हरियाणा के करनाल में खगोल विज्ञान प्रयोगशाला भी शुरू की गई, जो दिव्यांग लोगों को कौशल, कला और शिल्प के विभिन्न रूपों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।
- भारतीय सांकेतिक भाषा एस्ट्रोलैब सांकेतिक भाषा में निर्देशात्मक वीडियो तक आभासी पहुँच प्रदान करके समावेशिता को बढ़ावा देती है और यह विशाल दूरबीन तथा दृश्य-श्रव्य सहायता सहित 65 उपकरणों से लैस है। **अतः कथन 2 सही है।**

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संविधान का अनुच्छेद 49 (राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत) राज्य पर एक दायित्त्व डालता है कि वह संसद द्वारा घोषित राष्ट्रीय महत्त्व के हर स्मारक या स्थान या कलात्मक या ऐतिहासिक हित की वस्तु की रक्षा करे। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्त्व स्थल और अवशेष अधिनियम (AMASR अधिनियम) 1958 प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातात्त्विक स्थलों और राष्ट्रीय महत्त्व के अवशेषों के संरक्षण, पुरातात्त्विक खुदाई के नियमन व मूर्तियों, नक्काशियों तथा अन्य समान वस्तुओं को संरक्षण प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**13.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- नौवीं अनुसूची केंद्रीय और राज्य कानूनों की एक सूची है जिसे न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसे संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 द्वारा जोड़ा गया था।
  - वामन राव बनाम भारत संघ (1981): इस महत्त्वपूर्ण निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि "वे संशोधन जो 24 अप्रैल, 1973 (जिस पर केशवानंद भारती मामले में निर्णय दिया गया था) से पहले संविधान में किये गए थे, वैध और संवैधानिक हैं लेकिन जो निर्दिष्ट तिथि के बाद बनाए गए थे, उन्हें संवैधानिकता के आधार पर चुनौती दी जा सकती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 31A कानून के 'उपबंधों' को सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 31B विशिष्ट कानूनों या अधिनियमों को सुरक्षा प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**14.**

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- यह वर्ष 1995 में अस्तित्त्व में आया। विश्व व्यापार संगठन द्वितीय विश्व युद्ध के मद्देनज़र स्थापित शुल्क और व्यापार (GATT) पर सामान्य समझौते का उत्तराधिकारी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य संभावित व्यापार प्रवाह को सुचारु, स्वतंत्र बनाने में मदद करना है।
- इसमें 164 सदस्य शामिल हैं और विश्व व्यापार इनकी 98% की हिस्सेदारी है।
- इसे GATT के तहत आयोजित व्यापार वार्ताओं या दौरों की एक श्रृंखला के माध्यम से विकसित किया गया था।
- GATT बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का एक समूह है जिसका उद्देश्य कोटा समाप्त करना और अनुबंध करने वाले देशों के बीच टैरिफ शुल्क में कमी करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व व्यापार संगठन का सचिवालय जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में स्थित है।
- वर्तमान स्वरूप काफी हद तक वर्ष 1986-94 उरुग्वे दौर की वार्ता का परिणाम है, जिसमें मूल GATT में एक बड़ा संशोधन शामिल था।

**15.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान की सूची II (राज्य सूची) की क्रम संख्या 23 की प्रविष्टि राज्य सरकार को अपनी सीमाओं के अंदर स्थित खनिजों के स्वामित्त्व के लिये बाध्य करती है।
- सूची I (केंद्रीय सूची) की क्रम संख्या 54 पर प्रविष्टि केंद्र सरकार को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के अंदर खनिजों के मालिक होने का अधिकार देती है।
- इसके अनुसरण में खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम 1957 बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम की धारा 23C के अनुसार, राज्य सरकारों को खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिये नियम बनाने का अधिकार है। **अत: कथन 2 सही है।**

**नोट :**

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वह एक प्लांट फिज़ियोलॉजिस्ट और फिज़िसिस्ट/ भौतिक विज्ञानी थे जिन्होंने क्रेस्कोग्राफ का आविष्कार किया था, जो पौधों की वृद्धि को मापने के लिये एक उपकरण है। उन्होंने पहली बार यह प्रदर्शित किया कि पौधों में भावनाएँ होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- बोस ने वायरलैस संचार की खोज की और इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग संस्थान द्वारा उन्हें रेडियो विज्ञान का जनक नामित किया गया।
- बोस को व्यापक रूप से माइक्रोवेव रेंज में विद्युत चुंबकीय संकेतों को उत्पन्न करने वाला पहला व्यक्ति माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर: A

व्याख्या:




- अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम, म्याँमार के साथ सीमा साझा करते हैं। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

नोट :

18.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सौराष्ट्र तमिल संगमम एक त्योहार है जिसका उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता और विरासत को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह गुजरात में कई स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सोमनाथ, द्वारका और केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

19.

उत्तर: D

व्याख्या:

- श्रेट्स फ्रॉम डेथ (गोल्डन) ट्रायंगल: इसमें वियतनाम, थाईलैंड, लाओस और म्याँमार शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- श्रेट्स फ्रॉम डेथ (गोल्डन) क्रीसेंट: इसमें अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अफगानिस्तान से सटे पाकिस्तान के कुछ हिस्सों का भी पाकिस्तानी ड्रग तस्करों द्वारा अफगान अफीम को हेरोइन में परिवर्तित करने और फिर भारत भेजने के लिये उपयोग किया जाता है।




20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- तापीय दबाव पशुओं के शारीरिक और चयापचय प्रतिक्रियाओं को संदर्भित करता है जो सामान्य सीमा से अधिक तापमान पर प्रभावी होता है।
- यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब पशु का शरीर अपने सामान्य आंतरिक तापमान को बनाए रखने में असमर्थ होता है और इसके परिणामस्वरूप जानवर के स्वास्थ्य एवं उसकी उत्पादकता पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- उच्च स्तर के तापीय दबाव से दुग्ध उत्पादन में गिरावट, चारे की कमी और पशुओं के वज़न में कमी आने जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। इससे किसानों की उत्पादकता और आय में कमी आ सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- गर्मी की सहनशीलता के लिये विशिष्ट आणविक आनुवंशिक मार्करों के आधार पर पशुओं का आनुवंशिक चयन गर्मी सहने वाले पशुओं की पहचान करके मवेशियों और भैंसों में गर्मी के तनाव को कम करने के लिये वरदान हो सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1992 में पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार के दौरान 74वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से शहरी स्थानीय सरकारों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। यह 1 जून, 1993 को लागू हुआ।
  - इसमें भाग IX-A जोड़ा गया है और अनुच्छेद 243-P से लेकर 243-ZG तक प्रावधान शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसके अतिरिक्त इस अधिनियम के तहत संविधान में 12वीं अनुसूची को भी शामिल किया गया। इसमें नगर पालिकाओं के 18 कार्यात्मक विषय शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

22.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह अभियान आज़ादी का अमृत महोत्सव समावेशी विकास का एक हिस्सा है और इसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों की 10 करोड़ महिलाओं को एसएचजी में शामिल करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) ने "संगठन से समृद्धि" नामक एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात I2U2 समूह के सदस्य हैं जिसमें भारत, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत-संयुक्त अरब अमीरात वर्चुअल समिट के दौरान 18 फरवरी 2022 को भारत-संयुक्त अरब अमीरात CEPA पर हस्ताक्षर किये गए थे। समझौते के 1 मई 2022 से लागू होने की उम्मीद है।
- CEPA दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने और सुधारने के लिये एक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**


24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी, सूर्य तथा चंद्रमा एक सीधी रेखा में होते हैं, इसके कारण पृथ्वी के एक भाग पर पूरी तरह से अँधेरा छा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाइब्रिड सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा की छाया के सापेक्ष पृथ्वी पर कुछ स्थानों से पूर्ण सूर्य ग्रहण दृश्य होता है, जबकि अन्य स्थानों से यह वलयाकार प्रतीत होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 20 अप्रैल, 2023 को निंगालू ग्रहण देखा गया था। यह एक दुर्लभ 'संकर सूर्य ग्रहण' है, जो पृथ्वी सतह की वक्रता एवं वलयाकार सूर्य ग्रहण से पूर्ण सूर्य ग्रहण में परिवर्तन के कारण होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :




**25.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) ने विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट 2023 जारी की है, जिसमें कहा गया है कि भारत वर्ष 2023 के मध्य तक विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा और भारत की जनसंख्या चीन से भी अधिक हो जाएगी।
- विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट प्रतिवर्ष प्रकाशित होती है जो विश्व जनसंख्या और जनसांख्यिकी में विकासात्मक प्रवृत्तियों को शामिल करती है एवं उनका विश्लेषण करती है, साथ ही विशिष्ट क्षेत्रों, देशों और जनसंख्या समूहों तथा उनके समक्ष आने वाली विशिष्ट चुनौतियों पर प्रकाश डालती है। **अतः विकल्प D सही है।**

**26.**

**उत्तर:B**

**व्याख्या:**

**स्टारशिप परियोजना:**

- SpaceX का स्टारशिप अंतरिक्षयान और सुपर हैवी रॉकेट जिसे सामूहिक रूप से स्टारशिप के रूप में जाना जाता है, पूरी तरह से पुन: प्रयोज्य परिवहन प्रणाली का प्रतिनिधित्व करता है जो कर्मियों और कार्गो दोनों को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे तक ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- **अतः कथन 1 सही नहीं है और 2 सही है।**

नोट :

- स्टारशिप सुपर हैवी रैप्टर इंजनों की एक श्रृंखला द्वारा संचालित है, जो तरल मीथेन ($CH_4$) और तरल ऑक्सीजन (LOX) द्वारा संचालित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हक्की पिक्की जनजाति की विशेषताएँ:**

- परिचय:
  - हक्की पिक्की एक अर्द्ध-घुमंतू जनजाति है जो परंपरागत रूप से पक्षियों को पकड़ती है और उनका शिकार करती है तथा पश्चिम एवं दक्षिण भारत के वन क्षेत्रों में निवास करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह कर्नाटक की एक अनुसूचित जनजाति है और ऐतिहासिक दृष्टि से राणा प्रताप सिंह के साथ इनका पैतृक संबंध माना जाता है। **अतः कथन 3 और 4 सही है।**
- समाज:
  - इस जनजाति के बीच शादी की सामान्य उम्र महिलाओं के लिये 18 वर्ष और पुरुषों के लिये 22 वर्ष है तथा अंतरावंशीय विवाह को प्राथमिकता दी जाती है।
    - इनका समाज मातृसत्तात्मक है, और एकपत्नीत्त्व/मोनोगैमी की प्रथा प्रचलित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**UDAN 5.0:**

- इसमें यान की उड़ान के आरंभ और गंतव्य के बीच की दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रदान किये जाने वाले VGF को प्राथमिकता और गैर-प्राथमिकता वाले दोनों क्षेत्रों के लिये 600 किमी. की दूरी तक निर्धारित किया जाएगा; पहले यह दूरी 500 किमी. थी।
- इसमें कोई पूर्व निर्धारित मार्ग निर्धारण नहीं किया जाएगा; एयरलाइंस द्वारा प्रस्तावित केवल नेटवर्क और इंडिविजुअल रूट पर विचार किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक ही मार्ग को एक ही एयरलाइन को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा, चाहे वह अलग-अलग नेटवर्क में हो या एक ही नेटवर्क में।
- एयरलाइनों को मार्ग आवंटित किये जाने के 4 महीने के भीतर परिचालन शुरू करना होगा; पहले यह समयसीमा 6 महीने थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**29.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मंडल आयोग की सिफारिशें:**

- OBC को सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी नौकरियों में 27% आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिये।
- उन्हें सार्वजनिक सेवाओं के सभी स्तरों पर पदोन्नति में समान 27% आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिये।
- अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- आरक्षित कोटा, यदि पूरा नहीं किया गया है, को 3 वर्ष की अवधि हेतु आगे बढ़ाया जाना चाहिये। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, सरकारी अनुदान प्राप्त करने वाले निजी क्षेत्र के उपक्रमों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिये।

नोट :

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अर्थ डे पृथ्वी ग्रह और इसके पर्यावरण की रक्षा की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2009 में 22 अप्रैल को 'अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- अर्थ डे 2023 की थीम "हमारे ग्रह में निवेश करना (Invest in our planet)" है, जो व्यवसायों, निवेशकों, वित्तीय बाज़ारों एवं सरकारों से स्वस्थ तथा अधिक न्यायसंगत वैश्विक प्रणाली के निर्माण का नेतृत्त्व करने का आह्वान करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- 'वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर' भारत की अध्यक्षता के तहत चयनित G20 सम्मलेन का विषय है।
- पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन को कम करना है, इस समझौते पर पृथ्वी दिवस वर्ष 2016 के दिन ही हस्ताक्षर किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

**क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार (Markets in Crypto Assets- MiCA):**

- परिचय:
  - यूरोपीय संसद ने क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार (Markets in Crypto Assets- MiCA) विनियमन को मंज़ूरी दे दी है, यह नियमों का विश्व का पहला व्यापक समूह है जिसका लक्ष्य बड़े पैमाने पर अनियमित क्रिप्टोकरेंसी बाज़ारों को सरकारी विनियमन के तहत लाना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- MiCA के अंतर्गत आने वाली संपत्तियाँ:
  - MiCA कानून क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर लागू होगा, यह मुख्यतः "एक मूल्य या अधिकार का डिजिटल प्रतिनिधित्त्व है, जो सुरक्षा हेतु क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करता है और एक सिक्के या टोकन या किसी अन्य डिजिटल माध्यम के रूप में होता है तथा जिसे स्थानांतरित किया जा सकता है, साथ ही वितरित बहीखाता तकनीक या इसी तरह की तकनीक का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संपत्तियाँ जो MiCA के दायरे से बाहर होंगी:
  - MiCA उन डिजिटल संपत्तियों को विनियमित नहीं करेगा जो हस्तांतरणीय प्रतिभूतियों के रूप में योग्य होंगी और शेयरों या उनके समकक्ष तथा अन्य क्रिप्टो संपत्तियों की तरह कार्य करेंगी एवं जो पहले से ही मौजूदा विनियमन के तहत वित्तीय साधनों के रूप में योग्य हैं।
  - यह नॉन-फंजिबल टोकन (NFT) को भी बाहर कर देगा। **अतः कथन 3 सही है।**

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

**लोक भविष्य निधि (Public Provident Fund- PPF):**

- यह भारत सरकार द्वारा समर्थित एक दीर्घकालिक बचत योजना है जो व्यक्तियों को उनकी सेवानिवृत्ति के लिये बचत करने के लिये प्रोत्साहित करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना की अवधि 15 वर्ष है, जिसे परिपक्वता के बाद अतिरिक्त पाँच वर्ष तक बढ़ाने का विकल्प होता है।
- इस खाते को सक्रिय रखने के लिये आवश्यक न्यूनतम वार्षिक निवेश 500 रुपए है। इस खाते हेतु वार्षिक अधिकतम जमा राशि 1.5 लाख रुपए है। **अतः कथन 2 और 3 सही हैं।**

नोट :

33.

उत्तर: B

व्याख्या:

**LockBit रैनसमवेयर:**

- LockBit, जिसे पहले "ABCD" रैनसमवेयर के रूप में जाना जाता था, एक प्रकार का कंप्यूटर वायरस है जो किसी के कंप्यूटर में प्रवेश कर महत्त्वपूर्ण फाइलों को एन्क्रिप्ट करता है ताकि उन्हें एक्सेस न किया जा सके।
- LockBit का उपयोग आमतौर पर उन कंपनियों या संगठनों पर हमला करने के लिये किया जाता है जो अपनी फाइलों को वापस पाने के लिये बहुत अधिक कीमत देने के लिये तैयार होते हैं।
- यह अपनी हानिकारक (नुकसान पहुँचाने वाली) फाइलों को हानिरहित छवि वाली फाइलों की तरह बनाकर छुपाता है। LockBit भरोसेमंद होने का नाटक कर लोगों को कंपनी के नेटवर्क तक पहुँच प्रदान करने के लिये उन्हें झाँसा देता है।
- एक बार सिस्टम में प्रवेश करने के बाद LockBit कंपनी को उसकी फाइलों को पुनर्प्राप्त करने में मदद करने वाली सभी सुविधाओं को अक्षम कर देता है और सभी फ़ाइलों को इस प्रकार प्रबंधित करता है कि उन्हें किसी विशेष कुंजी के बिना खोला नही जा सकता जो केवल LockBit गिरोह के पास होती है।
- **अत: विकल्प b सही उत्तर है।**

34.

उत्तर: D

व्याख्या:

- संविधान में संशोधन करने के लिये संसद की शक्तियों पर चर्चा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के मामले में कहा कि संसद के पास संविधान के किसी भी हिस्से में उस सीमा तक संशोधन करने की शक्ति है जिस सीमा तक यह संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन नहीं करता है।
- न्यायालय ने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि वास्तव में मूल संरचना है क्या, लेकिन इस संबंध में मामले-दर-मामले विकास होता रहा और सिद्धांत में नए प्रावधान जुड़ते गए। विभिन्न निर्णयों के माध्यम से न्यायालय ने न्यायिक समीक्षा, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, कानून के शासन, संघवाद आदि जैसे प्रावधानों को मूल संरचना का हिस्सा बनाया। केशवानंद भारती मामले में प्रस्तावना को संविधान के एक भाग के रूप में घोषित किया गया था और एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ मामले में यह माना गया कि प्रस्तावना संविधान की मूल संरचना को इंगित करती है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

35.

उत्तर: D

व्याख्या:

**ऑपरेशन कावेरी**

- 'ऑपरेशन कावेरी' सूडान में सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक बल के बीच तीव्र लड़ाई के चलते वहाँ फँसे अपने नागरिकों को वापस लाने हेतु भारत के निकासी प्रयास का एक कोडनेम है। अत: विकल्प D सही उत्तर है।
- सूडान में लगभग 2,800 भारतीय नागरिक हैं, सूडान में बसे भारतीयों की संख्या लगभग 1,200 है।

36.

उत्तर: D

व्याख्या:

**राज्य के विधेयकों पर राज्यपाल की शक्तियाँ:**

- अनुच्छेद 200:
    - भारतीय संविधान का अनुच्छेद 200 किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को सहमति के लिये राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है, जो या तो सहमति दे सकता है, सहमति को रोक सकता है या राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिये विधेयक को आरक्षित कर सकता है।

- राज्यपाल सदन या सदनों द्वारा पुनर्विचार का अनुरोध करने वाले संदेश के साथ विधेयक को वापस भी कर सकता है।

- अनुच्छेद 201:
  - इसमें कहा गया है कि जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है या उस पर रोक लगा सकता है।
  - राष्ट्रपति विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिये राज्यपाल को उसे सदन या राज्य के विधानमंडल के सदनों को वापस भेजने का निर्देश भी दे सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वह राष्ट्रपति के विचार हेतु विधेयक को आरक्षित कर सकता है। आरक्षण अनिवार्य है जहाँ राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्य उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे में डालता है। हालाँकि राज्यपाल विधेयक को आरक्षित भी कर सकता है यदि यह निम्नलिखित प्रकृति का हो:
    - संविधान के प्रावधानों के खिलाफ
    - नीति निदेशक तत्त्वों का विरोध
    - देश के व्यापक हित के खिलाफ
    - गंभीर राष्ट्रीय महत्त्व का, **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**37.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य:**

- यह राजस्थान से सटे मंदसौर और नीमच ज़िलों की उत्तरी सीमा पर मध्य प्रदेश में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विशाल खुले परिदृश्य और चट्टानी इलाके इसकी विशेषता है।
- इन वनस्पतियों में उत्तरी उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन, मिश्रित पर्णपाती वन और झाड़ी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अभयारण्य में पाई जाने वाली कुछ वनस्पतियाँ खैर, सलाई, करधई, धावड़ा, तेंदू और पलाश हैं।
- जीवों में चिंकारा, नीलगाय, चित्तीदार हिरण, धारीदार लकड़बग्घा, सियार और मगरमच्छ शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- संगई हिरण का लोकप्रिय नाम डांसिंग डियर है जो मणिपुर में लोकटक झील में केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है।

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नैनो यूरिया:**

- LNU एक नैनोपार्टिकल के रूप में यूरिया है और पारंपरिक यूरिया को बदलने तथा इसकी आवश्यकता को कम-से-कम 50% कम करने के लिये विकसित किया गया है।
- भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने वर्ष 2021 में लिक्विड 'नैनो यूरिया' लॉन्च किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यूरिया को पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी योजना के दायरे से बाहर रखा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**थिरुनेल्ली मंदिर:**

- विषय:
  - थिरुनेल्ली मंदिर, जिसे अमलका या सिद्ध मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, केरल के वायनाड ज़िले में एक विष्णु मंदिर है।

- मंदिर का नाम घाटी में एक आँवला के पेड़ पर आराम कर रहे भगवान विष्णु की मूर्ति से मिलता है, जिसे भगवान ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की परिक्रमा करते हुए खोजा था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- थिरुनेल्ली मंदिर की वास्तुकला:
  - थिरुनेल्ली मंदिर की वास्तुकला पारंपरिक केरल शैली का अनुसरण करती है। मंदिर में एक आंतरिक गर्भगृह है, जिसकी छत की संरचना टाइल से बनी हुई है और इसके चारों ओर एक खुला प्रांगण है। **अतः कथन 2 सही है।**

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मलेरिया**

- परिचय:
  - मलेरिया प्लाज़्मोडियम परजीवी के कारण होने वाली एक जानलेवा बीमारी है।
  - यह परजीवी संक्रमित मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - जबकि प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम के कारण अधिक मौतें होती हैं, प्लाज़्मोडियम विवैक्स सभी मलेरिया प्रजातियों में सबसे व्यापक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- टीका:
  - अब तक किसी भी मलेरिया वैक्सीन ने WHO द्वारा निर्धारित 75% की बेंचमार्क प्रभावकारिता नहीं दिखाई है। फिर भी WHO ने मलेरिया नियंत्रण और रोकथाम की तात्कालिकता को समझते हुए उच्च संचरण वाले अफ्रीकी देशों में RTS,S नामक पहले मलेरिया वैक्सीन के उपयोग की अनुमति दी है
  - RTS,S वैक्सीन की तरह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने R21 नामक एक वैक्सीन विकसित की है जिसे अभी WHO की मंज़ूरी मिलना बाकी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ओलिव रिडले कछुए:**

- ओलिव रिडले कछुए विश्व भर में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और प्रचुर संख्या में मौजूद हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- ये कछुए मांसाहारी होते हैं और इनका नाम इनके बाह्य आवरण के ओलिव यानी जैतून रंग के होने से प्रेरित है।
- ये कछुए अपने अद्वितीय सामूहिक नीडन (Mass Nesting) अरीबदा (Arribada) के लिये सबसे ज़्यादा जाने जाते हैं जिसमें हज़ारों मादाएँ अंडे देने के लिये एक ही समुद्र तट पर एक साथ आती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ये मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म जल में पाए जाते हैं।
- ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में समुद्री कछुओं की सबसे बड़ी रुकरी (प्रजनन करने वाले जीवों की एक कॉलोनी) के रूप में जाना जाता है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची- 1
  - आईयूसीएन रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable), **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - CITES: परिशिष्ट- I

नोट :

42.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आदर्श आचार संहिता भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है जो यह सुनिश्चित करती है कि राजनीतिक दल, उम्मीदवार और उनके समर्थक चुनाव अवधि के दौरान व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से आचरण करें। यह संहिता सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों पर लागू होती है। **अतः विकल्प A सही उत्तर है।**
- इस संहिता का उद्देश्य एक समान प्रतिस्पर्द्धा बनाए रखना, बाहुबल अथवा धन-बल के उपयोग को रोकना और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव को प्रोत्साहित करना है। आदर्श आचार संहिता कानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज़ नहीं है। हालाँकि इस संहिता का किसी भी प्रकार उल्लंघन करना दंडनीय है अथवा इससे उम्मीदवार की योग्यता रद्द की जा सकती है।

43.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ज़ीरो शैडो डे:**

- ज़ीरो शैडो डे उस दिन को संदर्भित करता है जब सूर्य सीधे सिर के ऊपर होता है और इमारतों, खंभों या पेड़ों जैसी खड़ी वस्तुओं द्वारा कोई छाया नहीं बनती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह घटना प्रतिवर्ष दो बार पृथ्वी पर कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच हर बिंदु पर होती है। कर्क और मकर रेखाओं के बीच के इन क्षेत्रों के अतिरिक्त यह घटना कही और देखने को नहीं मिलती। **अतः कथन 2 सही है।**

44.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY)**

- विषय:
    - PMJDY - वित्तीय समावेशन के लिये राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं, अर्थात् बुनियादी बचत और जमा खातों, प्रेषण, क्रेडिट, बीमा, पेंशन तक एक किफायती तरीके से पहुँच सुनिश्चित करना है।
    - इस योजना के तहत किसी भी बैंक शाखा या बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट (बैंक मित्र) आउटलेट में एक मूल बचत बैंक जमा (BSBD) खाता खोला जा सकता है, ऐसे व्यक्ति जिनके पास कोई अन्य खाता नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- PMJDY के तहत लाभ:
    - PMJDY खातों में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है और जमा राशि पर ब्याज भी अर्जित किया जाता है।
        - PMJDY खाताधारक को रुपे डेबिट कार्ड प्रदान किया जाता है।
    - PMJDY के तहत योग्य खाताधारकों को 10,000 रुपए तक की ओवरड्राफ्ट (OD) सुविधा भी उपलब्ध है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह अपने खाताधारकों को बीमा कवर प्रदान करता है।
        - दुर्घटना बीमा का लाभ उठाने के लिये मुख्य शर्त यह है कि लाभार्थी ने दुर्घटना की तारीख से 90 दिन पहले कार्ड का उपयोग करके कम-से-कम एक सफल लेन-देन (वित्तीय या गैर-वित्तीय) किया हो। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**45.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतरराज्यीय नदी जल विवाद:**

- संवैधानिक प्रावधान:
  - अनुच्छेद 262 के अनुसार, जल संबंधी विवादों के मामले में:
    - संसद विधि द्वारा किसी अंतर-राज्यीय नदी या नदी घाटी के जल के उपयोग, वितरण या नियंत्रण के संबंध में किसी भी विवाद या शिकायत के न्यायनिर्णयन हेतु प्रावधान कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - संसद कानून में निर्दिष्ट कर सकती है कि सर्वोच्च न्यायालय सहित किसी भी अन्य न्यायालय के पास उपरोक्त प्रकार के विवादों या शिकायतों को सुनने का अधिकार नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**असैन्य परमाणु दायित्त्व पर कानून:**

- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन:
  - परमाणु क्षति हेतु IAEA नागरिक दायित्त्व पर कई अंतर्राष्ट्रीय कानूनी उपकरणों के लिये डिपॉज़िटरी के रूप में कार्य करता है। इनमें परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्त्व पर वियना अभिसमय और परमाणु क्षति के लिये पूरक मुआवज़े पर अभिसमय शामिल हैं।
  - न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवज़ा राशि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1997 में पूरक मुआवज़ा पर व्यापक अभिसमय (CSC) को अपनाया गया था।
    - भारत ने वर्ष 2016 में CSC की पुष्टि की है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्त्व अधिनियम, 2010 (India's Civil Liability for Nuclear Damage Act-CLNDA):
  - भारत ने वर्ष 2010 में परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों हेतु एक त्वरित मुआवज़ा तंत्र स्थापित करने के लिये CLNDA को अधिनियमित किया था।
  - CLNDA के अनुसार, परमाणु संयंत्र के संचालक सख्त और बिना किसी गलती के दायित्त्व के अधीन हैं, जिसका अर्थ है कि वह किसी भी लापरवाही एवं नुकसान हेतु उत्तरदायी हैं।
  - यह निर्दिष्ट करता है कि दुर्घटना के कारण हुए नुकसान के मामले में संचालकों को 1,500 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करना होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - संचालकों की देयता के अलावा आपूर्तिकर्त्ता देयता का भी प्रावधान करता है।
    - इस प्रावधान के तहत यदि कोई परमाणु घटना दोषपूर्ण उपकरण अथवा सामग्री, खराब सेवाओं या आपूर्तिकर्त्ता कर्मचारियों के आचरण के परिणामस्वरूप होती है, तो परमाणु संयंत्र का संचालक आपूर्तिकर्त्ता से संपर्क कर उचित मदद की मांग कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वाराणसी में 12 दिवसीय पुष्करालु महोत्सव मनाया जा रहा है। यह पुष्करालु पर्व गंगा पुष्करम् है।
- इस उत्सव को पुष्करालु (तेलुगु में), पुष्करा या पुष्कर के नाम से जाना जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हर 12 वर्ष में ग्रहों के गोचर के विशेष संयोग के कारण आता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर नदी एक राशि से जुड़ी होती है और इस उत्सव की शुरुआत तब होती है जब बृहस्पति गृह का गोचर एक राशि से दूसरी राशि में होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पुष्करालु को सबसे पवित्र अवधियों में से एक माना जाता है जब भक्त पवित्र डुबकी लगाने के लिये विभिन्न पवित्र नदियों में जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व विकास रिपोर्ट (WDR) विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक रिपोर्ट है जिसका उद्देश्य किसी विशिष्ट विकास के मुद्दे या विषय पर गहन विश्लेषण और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। अतः विकल्प c सही उत्तर है।**

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इको सेंसिटिव ज़ोन**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2002-2016) ने निर्धारित किया कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत राज्य सरकारों को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओं के 10 किमी. के भीतर आने वाली भूमि को इको सेंसिटिव जोन या पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) घोषित करना चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- क्षेत्र:
  - जबकि 10 किमी. के नियम को एक सामान्य सिद्धांत के रूप में लागू किया जाता है, इसके आवेदन की सीमा भिन्न हो सकती है।
  - वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओ से 10 किमी. से अधिक के क्षेत्रों को भी केंद्र सरकार द्वारा ESZ के रूप में अधिसूचित किया जा सकता है, यदि वे पारिस्थितिक रूप से महत्त्वपूर्ण "संवेदनशील गलियारे" हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**50.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

**गंगा डॉल्फिन:**

- यह मीठे पानी में रहने वाली डॉल्फिन की वह प्रजाति है जो भारत, बांग्लादेश और नेपाल की गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी तंत्रों में पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संकटग्रस्त प्रजातियों की IUCN लाल सूची में गंगा डॉल्फिन को लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें निवास स्थान का क्षरण, जल प्रदूषण, मछली पकड़ने के जाल में आकस्मिक उलझाव और इसके तेल तथा मांस के लिये अवैध शिकार शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह नदियों के गंदे पानी में संचालन और शिकार खोजने के लिये इकोलोकेशन तकनीकों का उपयोग करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आभासी डिजिटल परिसंपत्ति (Virtual Digital Assets- VDA):**

- सरकार ने केंद्रीय बजट 2022-23 में आभासी डिजिटल परिसंपत्ति (Virtual Digital Assets) पर टैक्स लगाने और उन पर नज़र रखने के उद्देश्य से नए प्रावधान पेश किये हैं। कराधान के ढाँचे के साथ बजट ने पहली बार आभासी डिजिटल परिसंपत्ति को परिभाषित किया।

नोट :

- इसने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2 के तहत नए सम्मिलित खंड (47A) में आभासी डिजिटल संपत्ति को परिभाषित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रस्तावित नए खंड के अनुसार, एक आभासी डिजिटल परिसंपत्ति का अर्थ क्रिप्टोग्राफिक माध्यमों से किसी भी जानकारी, कोड, संख्या या टोकन (न तो भारतीय मुद्रा में या न किसी विदेशी मुद्रा में) उत्पन्न करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आभासी डिजिटल परिसंपत्ति का अर्थ है क्रिप्टोकरेंसी, DeFi (विकेंद्रीकृत वित्त) और नॉन-फंजिबल टोकन (NFT)।
- अप्रैल 2022 से भारत में क्रिप्टोकरेंसी के लेन-देन से होने वाली आय पर 30% आयकर लागू हुआ।
- जुलाई 2022 से क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित स्रोतों पर 1% कर कटौती के नियम लागू हुए।

**52.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**POCSO अधिनियम, 2012 के तहत प्राथमिकी का प्रावधान:**

- अधिनियम की धारा 19 में कहा गया है कि किसी भी प्रकार के अपराध होने की आशंका अथवा अपराध संबंधी सूचना वाले व्यक्ति को विशेष किशोर पुलिस इकाई अथवा स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी प्रदान करनी चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस अनुभाग के तहत लिखित रूप में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य है।
- अधिनियम की धारा 21 में यह भी कहा गया है कि किसी अपराध की रिपोर्ट नहीं करने पर छह महीने तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसलिये, इस अधिनियम के तहत शिकायत प्राप्त होने पर एक रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य है, भले ही रिपोर्टकर्त्ता एक बच्चा क्यों न हो। **अतः कथन 3 सही है।**

**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दिमासा:**

- परिचय:
  - दिमासा (या दिमासा-कचारी) असम के सबसे पहले ज्ञात शासक और निवासी हैं, और अब मध्य तथा दक्षिणी असम के दीमा हसाओ, कार्बी आंगलोंग, कछार, होजई और नागाँव ज़िलों के साथ-साथ नगालैंड के कुछ हिस्सों में रहते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - कुछ इतिहासकार उन्हें "आदिवासी" या "ब्रह्मपुत्र घाटी के शुरुआती ज्ञात निवासी" के रूप में वर्णित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अहोम शासन से पहले दिमासा राजाओं ने 13वीं और 16वीं शताब्दी के बीच ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी किनारे पर असम के बड़े हिस्से पर शासन किया था और प्राचीन कामरूप साम्राज्य के शासकों के वंशज माने जाते थे।
  - उनकी सबसे पुरानी ऐतिहासिक रूप से ज्ञात राजधानी दीमापुर (अब नगालैंड में) और बाद में उत्तरी कछार पहाड़ियों में माईबांग थी।
  - यह एक शक्तिशाली राज्य था और 16वीं शताब्दी में ब्रह्मपुत्र के लगभग सभी दक्षिणी क्षेत्र इसके नियंत्रण में थे।

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की सीमा:**

- भारत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी संबंधी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है।
  - सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को "मादक पदार्थ-मुक्त" बनाना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में वर्ष 2020 में ज़ब्त की गई अफीम की चौथी सबसे बड़ी मात्रा 5.2 टन है और उसी वर्ष ज़ब्त की गई मॉर्फिन की तीसरी सबसे बड़ी मात्रा 0.7 टन थी।
  - ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) के अनुसार, भारत द्वारा वर्ष 2019 में भारी मात्रा में मादक पदार्थ ज़ब्त किये गये, यह विश्व भर में ज़ब्त किये गये अफीम का 7% तथा हेरोइन का 2% था।
- भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांँमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिये संवेदनशील बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अफीम और भांग भारत में सबसे अधिक खेती की जाने वाली और खपत की जाने वाली मादक पदार्थों में से हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**55.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नेट-ज़ीरो लक्ष्य:**

- यह कार्बन तटस्थता को संदर्भित करता है, जिसका अर्थ यह नहीं है कि कोई देश अपने उत्सर्जन को शून्य तक कम कर देगा।
- यह एक ऐसी अवस्था है जिसमें किसी देश के उत्सर्जन की भरपाई वायुमंडल से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण एवं निष्कासन द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसके अलावा वनों जैसे अधिक कार्बन सिंक बनाकर उत्सर्जन के अवशोषण को बढ़ाया जा सकता है।
    - जबकि वायुमंडल से गैसों को निष्कासित करने हेतु भविष्य की तकनीकों जैसे कार्बन संचय और भंडारण की आवश्यकता होती है।
- 70 से अधिक देशों ने सदी के मध्य तक यानी वर्ष 2050 तक नेट ज़ीरो बनने का वादा किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने पक्षकारों के सम्मेलन-26 (COP) में वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन को घटाकर नेट-ज़ीरो करने का वादा किया है। **अतः कथन 3 सही है।**